कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

रायपुर, दिनांक 30/06/2023

क्र./ज.स.अ./2023

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यो एवं योजनाओं को समुचित रूप से जनसाधारण तक पहुंचाने हेतु एक वर्ष के लिए डिजिटल फोटोग्राफी एवं डिजिटल वीडियोग्राफी कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति जिसमें लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. तथा लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र व अन्य प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा तथा लिफाफा (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर दिनांक 20/07/2023 तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी, जनसम्पर्क/प्रेस विभाग, महात्मा गाँधी सदन, मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 14/07/2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्धारित राशि 750/- रू. जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदा दिनांक 21/07/2023 को अपरान्ह 1:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्त एवं अन्य जानकारी जनसम्पर्क/प्रेस विभाग नगर पालिक निगम, रायपुर से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है। दरें निविदा प्रपत्र में देना होगा। निविदा के साथ अमानती राशि रू 12000/- (बारह हजार रू.) का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा।

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)